राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल ने मैराथन जयपुर को दिखाई हरी झण्डी

जयपुर, 2 फरवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने रविवार को रामनिवास बाग जयपुर से मैराथन जयपुर को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने जयपुर मैराथन में सक्रिय भागीदरी निभाने वाले उत्कृष्ठ लोगों को सम्मानित किया। इस मौके पर अनेक गणमान्य नागरीक मौजूद थे।

राज्यपाल ने शाकंभरी माता के दर्शन किये

जयपुर, 2 फरवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने रविवार को सीकर जिले के उदपुरवाटी क्षेत्र में स्थित शाकंभरी माता के दर्शन कर पूजा अर्चना की।

राज्यपाल कहा कि अरावली की पहाड़ियों में स्थित अद्भुत इस मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को यहां के आम्रकुंजए स्वच्छ जल का झरना भक्तों के मन मोहित कर लेते हैं। राज्यपाल ने पूजा अर्चना कर प्रदेश की समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की है।

राज्यपाल शामली, दिल्ली दौरे पर रहेंगे

जयपुर, 2 फरवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र तीन दिवसीय दौरे पर सोमवार को शामली व दिल्ली जायेंगे।

राज्यपाल से राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय के प्रतिनिधि मिलेंगे

जयपुर, 2 फरवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से सोमवार को प्रातः 10 बजे राजभवन में राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय के प्रतिनिधियों का एक दल मुलाकात करेगा।

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से सोमवार को राजभवन में प्रातः 9:30 बजे ऑपरेशन सद्भावना के तहत बच्चों का एक दल मुलाकात करेगा।

महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय बीकानेर के कुलपति पद का अतिरिक्त प्रभार जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के कुलपति को

जयपुर, 2 फरवरी। राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री कलराज मिश्र ने महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय बीकानेर में कुलपति पद का अतिरिक्त प्रभार जोधपुर की जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के कुलपति श्री पीसी त्रिवेदी को दिया है

राज्यपाल श्री मिश्र ने इस आशय के आदेश आज जारी किए गौरतलब है कि महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय की कुलपति श्री भागीरथ सिंह का कार्यकाल 3 फरवरी को पूरा हो रहा है|

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक (जनसम्पर्क)
राज्यपाल, राजस्थान